[Shri Husain Dalwai]

composition scheme. Sir, earlier, the ice cream manufacturers used to come under the composition scheme. The composition scheme is meant for all the tax payers whose turnover was less than ₹ 1 crore. The Central Government has kept the ice cream businesses as a small cottage industry in the largest slab of GST, *i.e.,* 18 per cent, which is unjustified. It is our request that such injudicious imposition be lifted. Many times, this question was raised. The manufacturers have submitted their memorandum to the concerned Minister also. Big manufacturers like Vadilal, Havmor, Amul, do not have to pay GST at the rate of 18 per cent. So, my request to the Government is that the small manufacturers of ice cream should be included in the GST composition scheme. Thank you, Sir.

**श्री मनोज कुमार झा** (बिहार): सभापति महोदय, मैं माननीय सदस्य द्वारा उठाए गए विषय से अपने आपको सम्बद्ध करता हूं।

DR. SASMIT PATRA (Odisha): Sir, I also associate myself with the matter raised by the hon. Member.

**श्री सभापति:** क्या आप ज्यादा आइसक्रीम खाते हैं?

**श्री रवि प्रकाश वर्मा:** सर, सिर्फ खाते ही नही है, बल्कि खिलाते भी हैं।

**श्री सभापति:** अच्छा खिलाते भी हैं, लेकिन हमें तो कभी नही खिलाई।

**Need to expedite work of the Chhattisgarh-Gujarat Highway**

**श्री राम विचार नेताम** (छत्तीसगढ़): माननीय सभापति महोदय, मैं अपने क्षेत्र के एक बहुत महत्वपूर्ण मामले की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। हमारे यहां कटनी-गुमला NH43 पर 450 करोड़ रुपए की लागत से 96 किलोमीटर लम्बाई वाली अम्बिकापुर-पत्थल गांव सड़क परियोजना वर्ष 2016 में शुरू हुई थी, किन्तु वह आज तक पूर्ण नही हो सकी। यह राष्ट्रीय राजमार्ग ओडिशा से दिल्ली को जोड़ता है और व्यावसायिक दृष्टि से इस मार्ग पर काफी व्यस्तता रहती है। इस मार्ग को बनाने वाली कंपनी defaulter हो गई, जिसके कारण वह परियोजना आज तक पूर्ण नही हो सकी। इसके चलते इस मार्ग पर काफी लम्बा जाम होता है और बारिश के समय में इस मार्ग पर चलना बिलकुल भी संभव नही है।

महोदय, इसके साथ ही साथ NH343 पर, अम्बिकापुर से गढ़वा-रामानुजगंज के बीच की सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है। यह मार्ग नक्सल प्रभावित क्षेत्र से गुजरता है तथा यह मार्ग महाराष्ट्र को बिहार से जोड़ता है। इस पर अम्बिकापुर से रामानुजगंज तक, 110 किलोमीटर सड़क का निर्माण करना अत्यावश्यक है।

महोदय, जिस क्षेत्र का मैंने जिक्र किया है, उस रोड की हालत इतनी जर्जर है कि वहां से उस रोड को छोड़कर लोगों को 100 किलोमीटर दूर, दूसरी रोड को पकड़ कर जाना पड़ रहा है, वहां यह विकट स्थिति है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से मांग करना चाहता हूं कि कृपा करके किसी भी हालत में इस सड़क को चलने लायक बनाया जाए, जिससे कि बिहार और झारखंड से छत्तीसगढ़ जाने वाले लोग हों या फिर अम्बिकापुर से जशपुर की ओर जाने वाले लोग हों, उन यात्रियों को कम से कम आने-जाने की सुविधा मिल सके।

महोदय, वहां यातायात बाधित न हो और यातायात को कैसे सुगम बनाया जाए, यह हमारा विषय नही है कि कौन contractor कैसे काम कर रहा है या नही कर रहा है, यह विषय शासन का है। इसलिए किसी भी हालत में इस रोड को चालू कराया जाए, ठीक कराया जाए और दुरुस्त कराया जाए, मेरा आपके माध्यम से यही आग्रह और निवेदन है।

DR. AMAR PATNAIK (Odisha): Sir, I associate myself with the matter raised by the hon. Member.

**Difficulties being faced by consumers due to rising prices of domestic LPG**

**श्रीमती छाया वर्मा** (छत्तीसगढ़): माननीय सभापति महोदय, मैं देश में रसोई गैस की बढ़ती कीमतों के विषय में अत्यन्त महत्वपूर्ण मामला सदन में प्रस्तुत करना चाहती हूं। सरकार की नीयत और नीति, दोनों ही इस मामले में साफ नजर नही आ रही हैं। "उज्ज्वला योजना" का जिस प्रकार से पूरे भारत में प्रचार-प्रसार किया गया, लेकिन उस सिलेंडर की कीमत, जो गरीब आदमियों को दिया जाता है, उसकी कीमत हर छः और आठ महीने में बढ़ा दी जाती है।

महोदय, अभी दिल्ली में चुनाव हुए, उससे पहले 145 रुपए की प्रति सिलेंडर वृद्धि की गई थी। ...**(व्यवधान)**...

**श्री सभापति**: प्लीज़-प्लीज, विषय पर बोलिए। बीच में कोई राजनीति न करें और न किसी सरकार का नाम लें। ...**(व्यवधान)**... आपको तो यह सब मालूम है। ...**(व्यवधान)**... आप अच्छा भी बोलती हैं, फिर क्यों बीच में ऐसा बोल रही हैं? ...**(व्यवधान)**...

**श्रीमती छाया वर्मा**: जी हां। महोदय, मेरा विषय ही वही है।

दिल्ली चुनाव से पहले एक सिलेंडर में 145 रुपए की वृद्धि की गई। ...**(व्यवधान)**...

**श्री सभापति**: श्रीमती छाया जी, आप कृपया दिल्ली के चुनाव की बात छोड़िए और विषय पर बोलिए। ...**(व्यवधान)**... अब तो दिल्ली का चुनाव हो चुका है। ...**(व्यवधान)**...